Encl :- I

योजना निदेशालय

डॉ० राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय

पूसा, (समस्तीपुर), बिहार- 848125

संख्या- 101 /योजना निदेशालय, डॉ०रा०प्र०के०कृ०वि०, पूसा   दिनांक- 11/10/2023

संचिका संख्या-60/DP/2018

॥ नीलामी सूचना ॥

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि योजना निदेशालय, डॉ० राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के अंतर्गत अनुपयोगी एवं बेकार पड़े सामानों कि नीलामी हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है | नीलामी हेतु अनुपयोगी सामानों की विस्तृत विवरणी योजना निदेशालय या विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा नीलामी से संबंधित सामानों को योजना निदेशालय एवं मशरुम विभाग के सामने दिनांक 11.10.2023 से प्रत्यक्ष रूप से कार्यालय अवधि में भी देखा जा सकता है | इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन विहित प्रपत्र में भरकर सील एवं बंद लिफाफा में निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा दिनांक 31.10.23 तक समय 05.00 बजे अपराह्न तक योजना निदेशालय कार्यालय में भेजना होगा| जिसे दिनांक 02.11.2023 को 11.00 बजे पूर्वाह्न में खोला जायेगा | नीलामी में भाग लेने हेतु जमानत की राशि रुपये 4,000.00(चार हजार रुपये) मात्र का बैंक ड्राफ्ट के द्वारा नियंत्रक, डॉ०रा०प्र०के०कृ०वि०, पूसा के पदनाम से निविदा पत्र के साथ जमा करना होगा | जो कि पंजाब नेशनल बैंक, डॉ०रा०प्र०के०कृ०वि०, पूसा शाखा में भुगतेय होगा | असफल व्यक्तियों को नीलामी खुलने के तुरंत बाद बैंक ड्राफ्ट वापस कर दिया जायेग। उच्चतम राशि वाले विविदा कर्ता को नीलामी कि स्वीकृति के उपरान्त तुरंत कुल नीलामी राशि का 25(पच्चीस) प्रतिशत जमानत की राशि के अलावा जमा करना होगा एवं तीन दिनों के अंदर शेष 75 (पचहत्तर) प्रतिशत राशि जमा करने के उपरान्त सामान उठा लेना अनिवार्य होगा | अन्यथा, नीलामी रद्द कर दिया जायेगा |यदि नीलामी का सामान तीन दिनों में नहीं उठाया गया तो नीलामी के लिए जमा की गयी अग्रिम राशि को जब्त करते हुए नीलामी को रद्द कर दिया जायेगा एवं उक्त सामानों की नीलामी फिर से शुरू की जाएगी |नीलामी में वही व्यक्ति शामिल होंगे, जिनकी जमानत राशि समय से जमा होगी तथा जिन्हें नीलामी की सभी शर्त ज्ञात एवं मान्य होगी |

बिना कारण बताए नीलामी को स्थगित अथवा रद्द करने का अधिकार समिति के पास सुरक्षित है|

11/10/23

प्रभारी पदाधिकारी

योजना निदेशालय

प्रभारी पदाधिकारी
Officer Incharge
योजना निदेशालय
Directorate of Planning
डॉ०रा.प्र.के.कृ.वि.,पूसा
Dr R.P.C.A.U, Pusa

1. **प्रतिलिपि** :– विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता / सभी निदेशक /कुलसचिव/ नियंत्रक/सभी संस्थान के प्रधान /सभी संबंधित समिति के सदस्यगण/ प्रभार पदाधिकारी ,सुरक्षा, डॉ० रा० प्र० के० कृ० वि०, पूसा(समस्तीपुर), थाना प्रभारी , पूसा(समस्तीपुर) को सूचनार्थ |
2. **प्रतिलिपि** :– सम्पदा पदाधिकारी, डॉ० रा० प्र० के० कृ० वि०, पूसा को सूचनार्थ |
3. **प्रतिलिपि** :– अनुलग्नक सहित , प्रभारी पदाधिकारी, इ-गवर्नेंस सेल, डॉ० रा० प्र० के० कृ० वि०, पूसा को डिसप्ले बोर्ड पर प्रसारण करने हेतु|
4. **प्रतिलिपि** :– नियंत्रक एवं कुलसचिव, डॉ० रा० प्र० के० कृ० वि०, पूसा को सूचनार्थ |

योजना निदेशालय

डॉ॰ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय

पूसा, (समस्तीपुर), बिहार- 848125

निविदा प्रपत्र

योजना निदेशालय, पूसा में अनुपयोगी एवं बेकार पड़े सामानों की नीलामी हेतु निविदा प्रपत्र

1. निविदा दाता का नाम ....
2. पिता का नाम ....
3. पत्राचार का पता ....

   ....

   ....
4. स्थायी पता ....

   ....

   ....
5. आधार संख्या (छायाप्रति के साथ) ....
6. पैनकार्ड स॰ ((छायाप्रति के साथ) ....
7. मोबाइल न॰ ....
8. निविदा की प्रस्तावित राशि (अंक एवं अक्षरों) ....
9. बैंक का नाम ....
10. बैंक ड्राफ्ट शाखा ....
11. बैंक ड्राफ्ट संख्या ....

शर्तो की अनुपालन संबंधी घोषणा:-

निविदा की आवश्यक शर्ते मैंने जान ली है मैं वचन देता हूँ/देती हूँ कि स्वीकृति होने के बाद मैं सभी शर्तो के निष्ठा से पालन करूँगा/करुँगी|

निविदा दाता का हस्ताक्षर एवं तिथि |